श्री देवी दास: उपाध्यक्ष महोदय, जो रिपोर्ट हाउस में पे ा की हैं मैं उसका विरोध करता हूं और जो बातें चौधरी राम लाल वधवा जी ने कही हैं, उनका समर्थन करता हूं। 27 तारीख को भानिवार का दिन छुट्टी का दिन है। इसी प्रकार से 2 अप्रैल को भी राम नवमी होने की वजह से छुट्टी का दिन है। इन दोनों दिनों में सै ान नहीं होना चाहिए। हमारे पड़ोसी राज्य के अन्दर भी आज भाहीद भगत सिंह दिवस है वहां पर आज की छुट्टी है। उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा प्रदे ा अपने आप को भगवान राम का पुजारी कहलाता है। इसलिए मैं ज्यादा न कहता हुआ सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि राम नवमी की छुट्टी होनी चाहिए और जो बातें वधवा जी ने कही हैं, उनका समर्थन करते हुए मैं अपना स्थान लेता हूं। (ाोर)

श्री उपाध्यक्ष: कामरेड जी, आप क्या कहना चाह रहे हैं ?

कामरेड भांकर लाल: मैं यह कहना चाह रहा हूं कि दो तारीख को राम नवमी वाले दिन अवका ा होना चाहिए।

श्री मूल चन्द जैनः डिप्टी स्पीकर साहब, जो बातें राम लाल वधवा जी की तरफ से आयी है वह ठीक है। इसके साथ ही साथ मैं एक बात और आपके नोटिस में लाना चाहता हूं कि आज प्रातः स्पीकर साहब ने वाटर पोल्यू ान के मामले में आधा घंटा की डिस्क ान एलाऊ की है। इसलिए उसको भी इस बिजनैस एडवाईजरी कमेटी की रिपोर्ट में भाामिल कर लिया जाए।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह प्रार्थना करता हूं कि यह सै ान इस अवधि का आखिरी सै ान है। फिर दुबारा हम में से कोई आये या न आये इसलिए अब सब को बोलने का खुला मौका मिलना चाहिए। मैं गवर्नर एड्रैस पर सिर्फ 5–6 मिनट ही बोला था। यहां पर एक एक एम. एल.ए. एक एक लाख लोगों की नुमायंदगी करता है। इस असैम्बली के अन्दर 90 एम.एल.ए. हैं इसलिए सब को बोलने का मौका देते हुए सै ान 6 तारीख्चा तक चलना चाहिए। हमारे यहां पर कांग्रेस (आई) भारतीय जनता पार्टी, जनता पार्टी और नै ानल डैमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य हैं। इन सभी को बोलने का खुल कर मौका मिलना चाहिए। सबसे बढ़िया पार्टी और रीयल कांग्रेस जो है वह बाबू जगजीवन राम जी की पार्टी है जिसका मैं मैम्बर हूं। (विघ्न) चौधरी भजन लाल जी उनकी कद्र करते हैं क्योंकि उनके घर में जाकर ही ये चीफ मिनिस्टर बने थे। अब मैं उनकी पार्टी में भाामिल हुआ हूं भाायद मेरा नम्बर भी पड़ जाए (हंसी) इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि सै ान का टाईम का हफ्ता बढ़ा दिया जाए

और कम से कम एक घंटे का टाईम मुझे बोलने के लिए दिया जाए क्योंकि हाउस में उस पार्टी का मैं लीडर हूं। इस सरकार को कोई खतरा नहीं है। जून में इलैक ान हो जाएगा। फिर पता नहीं किसको यहां बोलने का टाईम मिले या न मिले। (विघ्न) अगर सरकार के खिलाफ मैम्बर्ज साहेबान कुछ बोलते हैं तो उसका यह जवाब दें।

श्री भले रामः डिप्टी स्पीकर साहब, बिजनैस एडवाइजरी कमेटी की जो रिपोर्ट आई हैं इसमें लिखा है। कि 27 तारीख को, जो कि घनिवार का दिन है और दफ्तरों में छुट्टी होती है, तथा 2 अप्रैल को, जो कि राम नवमी का दिन है और दफ्तरों में छुट्टी हैं, भी सै ान होगा। यह सरकार अगर तीज त्यौहार को भी नहीं मानती तो बड़ी गलत बात है। मं समझता हूं कि सरकार को किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। न तो चौधरी रिजक राम जी कहीं जाएंगे और न ही सुरेन्द्र सिंह जी कहीं जाएंगें। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि हाउस की बैठक को कुछ दिनों के लिए बढ़ज्ञ दिया जाए। (विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः कृपया डारेक्ट बातचीत न करें।

वित्त मंत्री (चौधरी खुर ीद अहमद): डिप्टी स्पीकर साहब, मेरी साथियों ने दो तीन प्वायंट्स ही ज्यादा प्रैस किए हैं। एक तो यह है कि बजट सै ान में मैंबर्ज साहेबान को बोलने के लिए टाईम कम मिला है। इसके बारे में अर्ज यह है कि बिजनैस

एडवाईजरी कमेटी ने टाईम ज्यादा देने के लिए ही सै ान को दो दिन और बढ़ाया है। इसके अलावा एक दिन सै ान 11 बजे भाुरू होकर भााम 6 बजे तक चलेगा तातक ज्यादा से ज्यादा मैम्बर्ज को बोलने का समय मिल जाए। दूसरी बात यहां कही गई कि 27 तारीख को छुट्टी थी लेकिन उस दिन के लिए सै ान रख दिया गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, इसके बारे में निवेदन यह है कि हरियाणा एडमिनिस्ट्रे ान के ऑफिसर्ज जब इतनी ऐफि ाएंटली काम करते हैं तो हरियाणा असैम्बली को भी रिकार्ड कम नहीं रखना चाहिए। एक छुट्टी वाले दिन अगर हम बैठक कर लेंगे तो वह पब्लिक के हित में ही होगा। फिर कहा गया है कि 2 तारीख त्यौहार का दिन है लेकिन उस दिन भी सै ान रखा गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, 2 तारीख का दिन इस असैम्बली के सै ान का आखिरी दिन होगा। इसलिए बेहतर होगा कि उस दिन हम यहां बड़े प्रेम से आएं, एक दूसरे के गले मिलें, अच्छे वातावरण में यहां बड़े सद्भाव के साथ अपना काम काज करें और प्रेमपूर्वक अपने अपने घरों की जाएं। राम नवमी वाले दिन इसलिए हमने इस सै ान को रखा है। इन भाब्दों के साथ डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह प्रार्थना करता हूं कि इस रिपोर्ट में जो भी प्रस्ताव रखे गए हैं वे उचित हैं और इन्हें इसी तरह से पास कर दिया जाना चाहिए।

श्री उपाध्यक्षः मुझे याद है कि बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी की मीटिंग में माननीय सदस्य श्री बलदेव तायल की ओर से यह सुझाव आया था कि राम नवमी का दिन चूंकि बड़ा भाुभ दिन

है इसलिए अगर उस दिन भी सै ान हो जाए तो सबके लिए भुभ होगा। (विघ्न)

श्री वीरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक सुझाव देना चाहता हूं (विघ्न) मेरे दोस्तों ने कहा कि 27 मार्च और 2 अप्रैल को सै ान न किया जाए तथा सदन की बैठक पांच और छः तारीख के लिए और की जाए लेकिन मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि बिजनैस एडवाईजरी कमेटी दुबारा मीट करे और यह सारे का सारा बिजनैस 27 मार्च से पहले कम्पलीट किया जाए क्योंकि 28 तारीख को लखनऊ में श्रीमति मेनका गांधी एक नई पार्टी का ऐलान कर रही हैं। (ाोर) 29 तारीख के बाद यह सरकार नहीं ठहरेगी क्योंकि इनमें से बहुत सारे लोग उस पार्टी को ज्वाइन करेंगे। (ाोर)

श्री उपाध्यक्षः प्र न हैः—

कि यह सदन बिजनैस एडवाइजरी कमेटी की दूसरी रिपोर्ट में दी गई सिफारि ाों के साथ सहमत है।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

वाक आउट

चौधरी राम लाल वधवाः उपाध्यक्ष महोदय, सरकार हमारी बात मानने के लिए तैयार नहीं है इसलिए मैं वाक आउट करता हूं।

चौधरी उदय सिंह दलालः हम भी वाक आउट करते हैं। जो हिन्दू धर्म को नहीं मानते वे यहां ठहरे रहें।

(इस समय विरोधी दल के सभी सदस्य सदन से वाक आउट कर गए।)

बिल्ज (इन्ट्रोड्यूस्ड – सदन की अनुमति से)

1. दि हरियाणा जनरल सेल्ज टैक्स (अमैंडमैंट एण्ड वैलीडे ान) बिल, 1982

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): Sir, I beg to move:-

That leave be granted to introduce the Haryana General Sales Tax (Amendment and Validation) Bill.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved:

That leave be granted to introduce the Haryana General Sales Tax (Amendment and Validation) Bill.

Mr. Deputy Speaker: Question is:

That leave be granted to introduce the Haryana General Sales Tax (Amendment and Validation) Bill.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Now a Minister will introduce the Bill.

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): Sir, I introduce the Haryana General Sales Tax (Amendment and Validation) Bill.

2. दि पंजाब एक्साईज (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 1982

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): Sir, I beg to move:-

That leave be granted to introduce the Punjab Excise (Haryana Amendment) Bill.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved:

That leave be granted to introduce the Punjab Excise (Haryana Amendment) Bill.

Mr. Deputy Speaker: Question is:

That leave be granted to introduce the Punjab Excise (Haryana Amendment) Bill.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Now a Minister will introduce the Bill.

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): Sir, I introduce the Punjab Excise (Haryana Amendment) Bill.

3. दि ईस्ट पंजाब एक्साईज (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 1982

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): Sir, I beg to move:-

That leave be granted to introduce the East Punjab Molasses (Control) Haryana Amendment Bill.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved:

That leave be granted to introduce the East Punjab Molasses (Control) Haryana Amendment Bill.

Mr. Deputy Speaker: Question is:

That leave be granted to introduce the East Punjab Molasses (Control) Haryana Amendment Bill.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Now a Minister will introduce the Bill.

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): Sir, I introduce the East Punjab Molasses (Control) Haryana Amendment Bill.

4. दि पंजाब पैसिंजर्ज एण्ड गुड्ज टैक्से ान (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 1982

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): Sir, I beg to move:-

That leave be granted to introduce the Punjab Passengers and Goodd Taxation (Haryana Amendment) Bill.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved:

That leave be granted to introduce the Punjab Passengers and Goodd Taxation (Haryana Amendment) Bill.

Mr. Deputy Speaker: Question is:

That leave be granted to introduce the Punjab Passengers and Goodd Taxation (Haryana Amendment) Bill.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Now a Minister will introduce the Bill.

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): Sir, I introduce the Punjab Passengers and Good Taxation (Haryana Amendment) Bill.

5. दि पंजाब लैंड रैवेन्यू (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 1982

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): Sir, I beg to move:-

That leave be granted to introduce the Punjab Land Revenue (Haryana Amendment) Bill.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved:

That leave be granted to introduce the Punjab Land Revenue (Haryana Amendment) Bill.

Mr. Deputy Speaker: Question is:

That leave be granted to introduce the Punjab Land Revenue (Haryana Amendment) Bill.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Now a Minister will introduce the Bill.

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): Sir, I introduce the Punjab Land Revenue (Haryana Amendment) Bill.

6. दि फरीदाबाद कॉम्पलैक्स (रैगूले ान एण्ड डिवैल्पमैंट) अमैंडमैंट बिल, 1982

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): Sir, I beg to move:-

That leave be granted to introduce the Faridabad Complex (Regulation and Development) Amendment Bill.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved:

That leave be granted to introduce the Faridabad Complex (Regulation and Development) Amendment Bill.

Mr. Deputy Speaker: Question is:

That leave be granted to introduce the Faridabad Complex (Regulation and Development) Amendment Bill.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Now a Minister will introduce the Bill.

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): Sir, I introduce the Faridabad Complex (Regulation and Development) Amendment Bill.

वर्श 1981–82 के सप्लीमैंटरी ऐस्टीमेट्स (दूसरी कि त) पर चर्चा तथा मतदान

1. राज्य के राजस्वों पर प्रभावित व्यय के अनुमानों पर चर्चा

2. अनुपूरक अनुदानों की मांगों पर चर्चा तथा मतदान

श्री उपाध्यक्षः माननीय सदस्यगण, अब वर्श 1981–82 की सप्लीमेंटरी एस्टीमेट्स दूसरी किस्त की डिमांडज फार ग्रान्टस पर डिस्क ान होगी। पहली प्रैक्टिस के अनुसार और हाउस का समय बचाने के लिए आर्डर पेपर्ज पर रखी गई सभी डिमांडज फार ग्रान्टस एक साथ पढ़ी गई तथा पे ा की गई समझी जायेगी। माननीय सदस्य किसी भी डिमान्ड पर डिस्क ान कर सकते हैं लेकिन बोलते समय वह डिमान्ड का नम्बर बता दें जिसके ऊपर बोलना चाहते हैं। The demands will be put to the vote of the House after the conclusision of discussion.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 1689100 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 1 – Vidhan Sabha.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 14416501 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for

the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 2 – General Administaration.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 47502266 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 3 – Home.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 29195287 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 4 – Revenue.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 4729160 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 5 – Excise and Taxation.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 14889505 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 6 – Finance.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 13990409 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 7 – Other Administrative Services.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 5719000 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 8 – Buildings and Roads.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 73309310 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 9 – Education.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 53555040 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 10 – Medical and Public Health.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 21365495 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 11 – Urban Development.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 46768844 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 13 – Social Welfare and Rehabilitation.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 2897000 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for

the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 14 – Food and Supplies.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 6871045 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 15 – Irrigation.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10956585 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 16 – Industries.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 5394200 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 18 – Animal Husbandry.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 4936140 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 20 – Forest.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 46184055 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 23 – Transport.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 5031960 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 24 – Tourism.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 20 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1982 in respect of Demand No. 25 – Loans and Advances by State Government.

चौधरी रिजक राम (राई): डिप्टी स्पीकर साहब, आज ऐसे मौके पर इन डिमान्डज फार ग्रान्टस पर चर्चा हो रही है जबकि सारे हरियाणा प्रान्त में कुछ ओलावृश्टि हुई है और भीत लहर से बड़ा भारी नुक्सान हुआ है। वैसे तो इस विशय में पहले ही काफी चर्चा हो चुकी है। मैं इस बारे में सदन का ज्यादा समय नहीं लेना चाहता। लेकिन एक बात की ओर मैं मुख्य मंत्री महोदय का ध्यान दिलाना चाहूंगा कि कवेल ओलावृश्टि से ही फसलों का इतना नुक्सान नहीं हुआ है बल्कि भीत लहर से ओलावृश्टि से भी अधिक नुक्सान हुआ है। सरसों, तारामीरा, गेहूं और चने की फसल के फूल मारे गये हैं। खेतों में फसल खड़ी है परन्तु उनमें दाना नहीं है। इस कारण से अनाज के उत्पादन में बड़ी भारी कमी पड़ेगी। इसलिए यह बड़ी गहरी समस्या नहीं है। इस बारे में कोई मुकम्मल हल तला ा करना पड़ेगा। आज जो लोगों के सामने संकट खड़ा है उसका हल तला ा करना होगा। आज सरसों,

तारामीरा और चना तो बिल्कुल ही खत्म है। जहां ओलावृश्टि हुई है वहां तो फसल नश्ट हो गई लेकिन जहां भीत लहर चली है वहां पर भी कोई फसल में दाना नहीं रहा है। मैं उम्मीद करता हूं कि मुख्य मंत्री और दूसरे मंत्रीगण इस बारे में पूरा ध्यान दे कर इस संकट से लोगों को राहत दिलाने की जल्द से जल्द कोि ा ा करेंगे।

डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक और भी मसला इरीगे ान मिनिस्टर साहब के नोटिस में लाना चाहता हूं। अभी यहां हाउस में जिक्र आया क जवाहर लाल कैनाल की जो बिक्र लाइनिंग हुई है उसमें भी पानी की सीपेज है। मैं मुख्य मंत्री और मंत्री जी के ध्यान में एक नहर की बात लाना चाहता हूं। दिल्ली ब्रान्च जिसकी सीमेंट से लाइनिंग की गई है वहां पानी की सीपेज ही नहीं हो रही बल्कि धार की धार गिरती है। नहर के आसपास कई कई एकड़ तक पानी फैला हुआ है। कम से कम दो अढ़ाई एकड़ में पानी खड़ा हैं। उन खैतों की फसल मारी गई है। अभी तक इस बारे में कोई कदम नहीं उठाया गया है। जिन पत्थरों को सीमेंट से जोड़ा गया है उनके बीच से पानी की धारा की धारा निकल रही है। सीमेंट अच्छी प्रकार से नहीं लगायी गई है। इस तरह से वहां खेतों में दिन प्रतिदिन पानी बढ़ रहा है। इस समस्या का समाधान करने के लिए सरकार को कोई न कोई कदम जल्द से जल्द उठाना चाहिए।

तीसर मसला यह है कि आजकल के दिनों मैं बरसात नहीं होती है परन्तु इस साल काफी बारि ा है। लोगों की पानी की मांग नहीं है लेकिन जितने टेल के इलाके हैं चाहे कोई छोटा रजबाहा है या माइनर है ऊपर के इलाके वाले उनका पीन इस्तेमाल नहीं करते हैं सारा पानी नीचे जा कर गिरता है। वह पानी उन लोगों के खेतों को डुबो रहा है, सारी फसल को खराब कर रहा है। यह समस्या भी ऐसी नहीं है कि गिरदावरी करने से हल हो जायेगी। आज के दिन लोगों का इतना भारी नुक्सान हो रहा है जिसका हल ढूंढना अत्यन्त आव यक है। अगर अनाज ही पैदा नहीं होगा तो गरीब देहात मैं बसने वाले मजदूर और किसान परे ाान होंगे। आज गांवों में 20 रूपये मन चारे का भाव हो चुका है। एक बात और भी नोटिस में लाना चाहता हूं कि कितने ही ऐसे रजबाहे हैं जिनका पानी इस्तेमाल नहीं हो रहा है। वे ओवर फलो भी कर रहे है। कतलूपूर, छजिया के इलाके में फसल खराब हो गई है। वहां उन रजबाहों में सीलिटिंग है जिन्हें डीसीलटिंग करने का प्रबन्ध किया जाना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहब 15 तारीख से हाउस में चर्चा चल रही है। इस चर्चा के दौरान तरह तरह की बातें आयीं। यह भाायद आखिरी बजट सै ान इन मैम्बरान के लिए हो। इसलिए कडवी बातें नहीं कही जानी चाहिए लेकिन अपोजी ान अपना रोल अदा करने के लिए कड़वी बातें कह देती है। अभी यहां बोलते हुए चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी ने कहा कि इस सरकार के समय में ओलों से बहुत नुकसान हुआ है इसलिए मुख्य मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए लेकिन मैं

एक बात हाउस को बताना चाहता हूं कि मेरे और मुख्य मंत्री जी के छोटी मोटी बातों पर चाहे कुछ भी मतभेद हो लेकिन एक बात की सलाह उन्हें जरूर दूंगा कि यह ओलावृश्टि भी वीरेन्द्र सिंह जी के टाईम से ही भाुरू हुई है। डिप्टी स्पीकर साहब इन लोगों को बड़ी मु कल से खींच कर उधर बिठाया है।

डिप्टी स्पीकर साहब, जहां तक राहत देने का सवाल है मैं मुख्य मंत्री और मंत्री महोदय से अपील करूंगा कि इस ओर पूरा ध्यान दे कर जो कठिनाइयां किसानों की हैं उन्हें हल करने की को ा ा करें। (घंटी)

मैं जनरल एडमिनिस्ट्रे ान और पब्लिक सर्विस कमी ान की मांगों के विशय में बोल रहा हूं। मैं किसी भी मैम्बर या मंत्री पर कोई लाडन नही लगाना चाहता हूं। डिप्टी स्पीकर साहब जिस रोज यह सै ान भाुरू हुआ उसी दिन इनके बहुत ही नजदीकी दोस्त बिछुड़ गये। इनका खाना पीना भी उनके साथ था। जब तक भााम को इकट्ठे नहीं होते थे तब तक खाना अच्छा नहीं लगता था और इनके ठिकाने भी इकट्ठे ही थे।

उपाध्यक्ष महोदय, इस सदमे की हालत में कोई इल्जाम लगाना कोई अच्छी बात नहीं है। बल्कि मैं तो यह सोचता था कि हाउस में इतने भाोक प्रस्ताव आए हैं, एक उन पर भी आ जाता। (व्यवधान व भाोर)

चौधरी भजन लालः उस बेचारे को तो आपने मार दिया। (व्यवधान व भाोर)

चौधरी रिजक रामः वह भी मैं बताता हूं। लोग यह कहते हैं कि सन् 1979 के इलैक ान के बाद मेरी छुट्टी हुई थी और उसके बाद लैंड स्लाईड मूवमैंट हुई थी। सबको याद होगा। लोगों को तो यह भी संदेह है ..... (व्यवधान व भाोर)

चौधरी भजन लालः उपाध्यक्ष महोदय, यह कौन सी डिमान्ड पर बोल रहे हैं।

श्री उपाध्यक्षः माननीय सदस्य चौधरी रिजक राम जी, इस सदन में काफी मैम्बर ऐसे हैं जो बोलना चाहते हैं और आप तो खासे वरिश्ठ सदस्यों में से एक हो। कृपया डिमान्ड्ज पर ही बोलें। अगर डिमान्ड पर नहीं बोलना है तो कृपया वाईन्ड अप कीजिये।

चौधरी रिजक रामः डिप्टी स्पीकर साहब, कौंसिल आफ मिनिस्टर्ज की इसमें एक डिमान्ड है, इसलिए मैं मिनिस्टर्ज के बारे में तो बोल ही सकता हूं। मैं यह कह रहा था कि कुछ लोगों को तो यह भी संदेह है कि जैसे 1979 में बात हुई थी, एक बड़ी भारी मूवमैंट आयी और जलजला सा आय था ..... (व्यवधान व भाोर) सारे का सारा अपना प्रोग्राम बदल दिया, उसी तरह से फिर ने कहीं बदल जायें। (व्यवधान व भाोर)

एक आवाजः यह तो हमारे घर का मामला है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, यह घर का मामला नहीं है। इन्होंने अभी तक मेनका गांधी जी की पार्टी में जाने का ऐलान नहीं किया है।

चौधरी रिजक रामः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह कह रहा था कि जो मुख्य मंत्री जी ने पहले किया था कि चौधरी मुख्तियार सिंह ने पहल की और इन्होंने उसको फौलो किया, कहीं अब फिर यह ऐसा न करें कि चौधरी मुख्तियार सिंह को फौलो कर लें। (घंटी) उपाध्यक्ष महोदय, मुझे एक बात याद आ गयी। पोलैंड में, जिस समय जर्मनी में कैंसर का राज था और रूस में जार का राज था वहां पर एक दुकानदार था ..... (व्यवधान व भाोर)

श्री उपाध्यक्षः माननीय सदस्य कृपया वाईन्ड अप कीजिये। दूसरे बहुत से मैम्बर्ज ने अभी बोलना है। (घंटी) (व्यवधान व भाोर)

चौधरी रिजक रामः आप मुझे दो मिनट तो बोल लेने दें। आपका क्या खर्च होने लग रहा है।

श्री उपाध्यक्षः चौधरी साहब, बहुत से दूसरे मैम्बर्ज भी बोलने वाले है। खर्च तो सदन का हो रहा है।

चौधरी रिजक रामः अगर आप नाराज हों तो मैं बैठ जाता हूं। मगर मुझे आपनी बात कह लेने दें। तो वह बड़ा सियाना दुकानदार था। उसने ..... (व्यवधान व भाोर)

एक आवाजः कौन सी डिमान्ड पर ये बोल रहे हैं।

चौधरी रिजक रामः डिप्टी स्पीकर साहब, कौंसिल आफ मिनिस्टर्ज की इसमें डिमान्ड है, मैं उस पर बोल रहा हूं। अगर किसी को कुछ समझने में दिक्कत हो तो मैं उसको दोबारा भी दोहरा दूंगा। वहां पर जर्मन फौज के आदमी भी चाय पीने के लिए जाते थे और रूसी फौज के आदमी भी आते थे। उसने सोचा बड़ी मुि कल में फंस गया। अगर कैंसर की फोटो लगाऊं तो रूसी नाराज हो जायेंगै और अगर जार की फोटो लगाऊं तो जर्मनी नाराज। उसने क्या किय ? उसने दोनों की एक–एक फोटो लगा दी। तो हमारे भी कुछ माननीय सदस्य और वी0आई0पीज0 ऐसे हैं जिन्होंने ड्राइंग रूम में चौधरी भजन लाल जी की फोटो जरूर लगा रखी है मगर दूसरे कमरों में बाबू जगजीवन राम की लगा रखी है क्योंकि इलैक ान का टाईम नजदीक आ रहाहै, इसलिए मैं इस बारे में और ज्यादा बात नहीं करता। मैं आखिरी बात कहकर बैठ जाऊंगा।

श्री उपाध्यक्षाः चौधरी साहब, आप बैठिये। आपका समय समाप्त हो चुका है।

चौधरी रिजक रामः बहुत अच्छा जी, अगर आप मुझे और टाईम नहीं देते तो मैं बैठ जाता हूं।

श्री जय नारायण वर्मा (बरवाला): डिप्टी स्पीकर साहब, इस समय 117 करोड़ 39 लाख 66 हजार 390 यपये की सप्लीमैंट्री

डिमांडज हाउस में जेरे गौर है। मैं इनका विरोध करने के लिये खड़ा हुआ हूं। मैं इस बारे में चार्ज्ड और दूसरी डिमांडज, दोनों के बारे में अपनी बात कहूंगा। मुझे सबसे पहले तो इस बात पर बड़ा दु:ख आता है कि ऐसे जंक्चर पर जबकि जनरल बजट हाउस के सामने है, इतनी हैवी सप्लीमैंट्री डिमांडज इस तरह से जल्दी जल्दी सेपास करवाने की कोि ा ा की जाये जबकि न तो हम उसकी स्कूटनी कर सकते है और न ही अस पर प्रौपर्ली चर्चा कर सकते है। Neither it is fair to the State nor to the members of the House. हम इस मामले में तैयार नहीं होंगे तो किस तरह से इस बात की जांच कर सकेंगे कि इस बारे में महकमें में क्या किया जा रहा है। मेरा दूसरा मुद्दा यह है कि इस सप्लीमैंट्री डिमांडज में बहुत से खर्चें तो सितम्बर तक हो चुके थे और इसमें बहुत से ऐसे खर्चें है जो बड़ी आसानी से एंटीसिपेट किये जा सकते थे। यह ठीक है कि प्राकृतिक आपदाओं के बारे में एंटीसिपेट नहीं किया जा सकता लेकिन कुछ ऐसे मामले है जिनके बारे में एंटीसिपेट किया जा सकता था। उदाहरण के तौर पर पुलिस के लिये जो पांच करोड़ रूपया मांगा है यह पुलिस में अंधाधुंध भर्ती की वजह से मांगा गया है, यह खर्चा तो बड़ी आसानी से सितम्बर के अंदर लाया जा सकता था क्योंकि उस समय यह हाउस इस खर्चें को बड़ी आसानी से देख सकता था और जांच पड़ताल कर सकता था। उसके बाद इस पर थौरोली बहस हो सकती थी। मेरा कहना यह है कि हाउस में इस बारे में साथ में जनरल बजट आ जाने के कारण अभी पूरी तरह से चर्चा

का समय नहीं हैं। तीसरा मरो मुद्दा यह है कि इस बजट के अंदर 16.30 करोड़ रूपया प्लान आईटम्ज के लिये रखा गया है जबकि इससे लगभग दुगुना खर्चा यानी 33.50 करोड़ रूपया नान–प्लान आईटम्ज के लिये रखा गया है। यह बड़े ही खेद का विशय है कि एक तरफ तो योजनागत खर्चों की तरफ ध्यान देने के लिए कहा जाता है ताकि स्टेट की तरक्की हो सके और और दूसरी तरफ फिजूलखर्ची को भी रोकना नहीं चाहते। एक तरफ तो आप नान प्लान आईटम्ज के लिए इस तरह से इतना पैसा खर्च कर रहे हो, यहां कोई न्यायसंगत बात नहीं है और दूसरी तरफ आप बचत की बात कहते हो। डिप्टी स्पीकर साहब, यह इनके लिये बिल्कुल भी भाोभा की बात नहीं है। एक बात लीडर आफ दि हाउस ने यहां मानी है कि स्टेट का 50–60 करोड़ रूपये का ओवर ड्राफट होने जा रहा है। उपाध्यक्ष महोदय, मुझे इस बात पर बड़ा ही आ चर्य हो रहा है कि 1981–82 के बजट अनुमानों में जो इस गरिमामय सदन के सामने वित मंत्री महोदय ने रखे थे, उसके अंदर तो 10–15 करोड़ रूपये का ओवर ड्राफट ही एंटीसिपेट किया गया था। क्या यह कोई बजटिंग है? क्या वह हमारे वित विभाग की काबलियत है? ओवर ड्राफट का इतना बढ़ जाना कहां तक उचित है? लेकिन पांच छः गुणा ओवर ड्राफट बढ़ जाना यह क्या बजटिंग है? 10–15 करोड़ से थोड़ा बहुत तो बढ़ सकता है। क्या यह एंटीसिपेट नहीं किया जा सकता था कि इतना ज्यादा ओवर ड्राफट होने जा रहा है? उपाध्यक्ष महोदय, मुझे बड़ी हैरानी होती है कि वित विभाग ने रिजर्व बैंक को जो

सूद देने की बात कहीं है उस बारे में भी मूल बजट के अंदर केवल 42 लाख रूपये की प्रोवीजन रखी थी। हम मान सकते है कि उसमें कुछ थोड़ी बहुत बढ़ौतरी हो सकती है जो कि एंटीसिपेट नहीं की जा सकी। लेकिन आप हैरान होंगे वित विभाग ने रिजर्व बैंक को सूद देने के लिये 298 लाख रूपया और मांगा है। इस तरह से 340 लाख रूपया रिजर्व बैंक को सूद का देने के लिए टोटल बन जाता है। डिप्टी स्पकीर महोदय, मैं आपकी मारफत एक बात और कहना चाहता हूं कि एक तरफ तो ये ऐक्स्ट्रा एक्सपैंडीचर को सेव करने की बात करते है। ये कहते है कि कोई नई नौकरी नहीं निकालेंगे, कोई खर्चा फिजूल का नहीं करेंगे और दूसरी तरफ लगातार भर्ती की जा रही है और इनका रिक्रूटमैंट का जो तरीका है उसमें मैं नहीं जाना चाहता क्योंकि उस बारे में काफी कुछ कहा जा चुका है वह तो अपने आप में एक स्केंडल है, एक घपला है। मैं तो सिर्फ बजट प्वाएंट आफ व्यू से ही बात कहना चाहता हूं जिसमें केवल पैसा इंवाल्वड है। उपाध्यक्ष महोदय, चाहे यह भर्ती पब्लिक सर्विस कमी ान के द्वारा की जा रही है या एस0एस0एस0 बोर्ड द्वारा की जा रही है और चाहे किन्हीं पोस्टस पर की जा रही है, यह सरकार चाहती है कि अगली आने वाली सरकार पांच छः साल तक कोई आदमी न लगा सकें। यह सरकार चाहती है कि आने वाली सरकार को किसी को लगाने की गुंजाइ ा ही न रहे। यह चाहते है कि अपने लोगों की जितनी भर्ती यह कर सकें, कर जाएं.....
.....।

चौधरी बीरेंद्र सिंहः डिप्टी स्पीकर महोदय, इनको यह भी पता होना चाहिए कि हरियाणा में हर साल पंद्रह हजार ऐम्पलाइज रिटायर होते है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री जय नारायण वर्माः बीरेंद्र सिंह जी रिटायर तो आप भी हो जाएंगे। डिप्टी स्पीकर साहब, जब वित मंत्री ने बजट पे ा किया तो इन्होंने कहा कि 49 करोड़ के घाटे को कम करके हम 37 करोड़ पर लाने जा रहे है लेकिन जो यह अनुपूरक मांगों को पोथा हमारे सामने पे ा किया गया है और हर आइटम के साथ एक लाइन जोड़ दी गई है कि हम इतना खर्चा करने जा रहे है, इतनी सेविंग कर लेंगे बाकी सदन मंजूर कर दे। जनरल एडमिनिस्ट्रे ान के अंदर विधान सभा के स्पीकर साहब और डिप्टी स्पीकर साहब के विवेकाधीन अनुदान की रा ि ा के मामले में मैं कुछ नहीं कहना चाहूंगा। मैं डिमांड नंबर 2 को लेता हूं। इसमें मंत्रियों द्वारा विवेकगत अनुदान के लिए 12 लाख 68 हजार रूपया मांगा जा रहा है। मुझे नहीं पता कि चंद दिनों में ये लोग जनता को कैसे खु ा करने जा रहे है और ये क्या करना चाहते है। इसी डिमांड में न केवल डिस्की नरी फंड के लिए पैसा मांगा जा रहा है बल्कि इनकी कोठियों के लिए 4 लाख 90 हजार रूपया मांगा गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, इनको इतने से ही सब्र नही हुआ इनकी पुरानी कारों की मेनटेनेंस करने के लिए 19 लाख 18 हजार 600 रूपया मांगा जा रहा है। एक तरफ तो हालत यह है कि इस दे ा के गरीब किसान के लिए, इस दे ा के मजदूर के

लिए कोई पैसा नहीं है। किसान को राहत देने के लिए इनके पास पैसा नहीं है। जगह–जगह किसान की फसल का नुकसान हो रहा है लेकिन यह जो मुआवजा दे रहे हैं वह ना के बराबर है और दूसरी तरफ इन मंत्रियों की कारों के लिए इनकी कोठियों के लिए इतना अधिक पैसा मांगा जा रहा है। डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं डिमांड नम्बर 16 के बारे में कहना चाहता हूं। डिमांड नम्बर 16 के अधीन उद्योगों को सबसिडी देने के लिए पैसा मांगा गया है। सबसिडी के मामले में बहुत कुछ कहा जा सकता है लेकिन समय कम है इसलिए मैं बहुत थोड़ा ही कहूंगा। डिप्टी स्पीकर साहब, औरिजनल डिमांड के तहत सबसिडी देने के लिए बजट में 40.00 लाख रूपया रखा गया था और आज उसके लिए 45.76 लाख रूपया और मांगा जा रहा है इस तरह से टोटल 85. 76 लाख रूपया गरीब ग्रामीण कारीगरों और छोटे दस्तकारों को सबसिडी देने के लिए बन जाता है। डिप्टी स्पीकर महोदय, मैं इस सदन का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि जो छोटे दस्तकार है, जो गांव के अंदर काम करने वाले दस्तकार है उनको कुछ भी नहीं दिया जा रहा है एक तरफ ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने की दुहाई दी जाती है लेकिन दूसरी तरफ केवल भाहरी लोगों को ही बढ़ावा देने की कोि ा ा की जा रही है। चूंकि 31 मार्च को साल खत्म हो रहा है इसलिए ये सारा पैसा खत्म करना चाहते हैं। मैं चाहूंगा कि वित मंत्री वह सूची सदन में पे ा करें कि सबसिडी किस–किस को दी गई है। जिससे पता

लग सके कि देहात के मजदूरों को और देहात के दस्तकारों को कितना पैसा दिया गया है और कहां–कहां दिया गया है।

डिप्टी स्पीकर महोदय, 117 करोड़ रूपया सप्लीमैंटरी मांगों के जरिए हाउस से मांगा जा रहा है। इसमें कोई भाक नहीं है कि स्कूल भी अपग्रेउ हुए है, सड़कें भी बनी है लेकिन मैं तो यह कहना चाहता हूं कि हम भी डेढ़ लाख लोगों की नुमाइंदगी करते है। यह बात ठीक है कि ट्रेजरी बेंचिज के पास वोटों की मैजोरिटी है और उसके बल पर वे जो कुछ चाहते है करवा लेते है यह सारा खर्च भेदभाव की नीति के आधार पर किया जाता है। लीडर आफ दि हाउस ने सदन में कहा था कि यह सरकार किसी भी एम0एल0ए0 के साथ भेदभाव नहीं करती। चाहे अपोजि ान का मैम्बर हो और चाहे ट्रेजरी बेंचिज का एम0एल0ए0 हो दोनों की कांस्टीच्युएंसी में एकसा काम किया जाता है। लेकिन जो कुछ हो रहा है वह इसके बिल्कुल उलट हो रहा है। मेरे एक सवाल के जवाब में बताया गया कि मेरे हल्के में 6.9 किलोमीटर सड़क बनाई गई है। आज सवेरे ही श्री भागी राम ने सदन में बताया था कि इनके यहां एक ढ़ाणी में छः सौ लोगों की आबादी है लेकिन वहां पर कोई सड़क नहीं बनाई गई है और दूसरी तरफ जो चीफ मिनिस्टर का इलाका आदमपु र है उसमें 69.7 किलोमीटर सड़क बनाई गई है। मैं इस सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या यह भेदभाव की नीति नहीं है तो और क्या है? मेरे यहां 6.9 किलोमीटर सड़क और चीफ मिनिस्टर के हल्कें में

69.7 किलोमीटर सड़क। दसूरी तरफ श्री भागी राम जी ऐसे इलाके के लिए सड़क मांग रहे है जहां पर छः सौ लोग बसते है। डिप्टी स्पीकर साहब, यह भेदभाव केवल सड़कों के मामलें में ही नहीं बल्कि स्कूलों के मामलें में और दूसरी बातों के मामले में भी है। डिप्टी स्पकीर महोदय, मेरे हल्कें में बनभोरी से कापड़ों की सड़क नहीं है और कौथ से खापड़ की सड़क नहीं है जबकि ये दोनों बहुत पहले मंजूर ुदा है। एक तरफ तो यह हालत है और दूसरी तरफ चीफ मिनिस्टर के यहां अधिक से अधिक सड़क दी जा रही है। यह भेदभाव केवल सड़कों के मामले में ही नहीं बल्कि अस्पताल, स्कूल, इंडस्ट्रीज और वाटर सप्लाई तक में है।

चौधरी हरस्वरूप बूराः खादी बोर्ड में जो भर्ती की गई थी क्या वह सब को बांट कर भर्ती की गई थी? (ाोर एवं व्यवधान)

श्री जय नारायण वर्माः उपाध्यक्ष महोदय, मैं वित मंत्री से एक क्लेरिफिके ान चाहता हूं। हो सकता है मेरे समझने में गलती हो और यह भी हो सकता है कि लिखा ही गलत हो। सो ाल वैलफेयर के तहत खादी बोर्ड को चालीस लाख रूपया देने के लिए रखा है और उद्योग के आइटम में भी वहीं 40 लाख रखा गया है। यह चालीस लाख की जो आइटम दो बार रखी गई है यह वास्तव में दो बार ही है या गलती से दो बार लिखी गई है। डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं हरियाणा भवन के बारे में कहना चाहता हूं। हरियाणा एम0एल0एज0 होस्टल की कैंटीन को मैं

डिस्क ान का मामला नहीं बनना चाहता। मगर मुझे यह बात कहते हुए दु:ख होता है कि जय नारायण वर्मा हरियाणा भवन में जाता है तो यह कह दिया जाता है कि पहले आप चंडीगढ़ जाओ और वहां से रिजर्वे ान करवा के लाओं, तब जाकर के कहीं कमरा मिलेगा। डिप्टी स्पीकर साहब, यह कितनी बुरी बात है। हमारी सरकार सक एक उप–सचिव वहां पर इसी परपज के लिये तैनात है और चार, पांच या छः कमरे तो वहां पर वहीं दे सकते थे मगर होता क्या है कि आज हिसार या गुड़गांव से आने वाला एम0एल0ए0 पहले चंडीगढ़ जाए और वहां से रिजर्वे ान करवाने के बाद फिर दिल्ली ठहरने के लिये आये, यह बिल्कुल गलत बात है। इसके दूसरी तरफ रूलिंग पार्टी के एम0एल0एज0 के लिए मिनिस्टरों के लिए और चीफ मिनिस्टर के मेहमानों के लिये पहले ही सारा कोटा रिजर्व रखा जाता है ताकि उन लोगों को आने पर किसी किस्म की सुविधा न हो। इस तरह की रिजर्वे ान अधिकारियों की जेबों में रखी होती है।

डिप्टी स्पीकर साहब, इससे आगे एक और बात की तरफ मैं इस सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि गवर्नर साहब के लिये और चीफ मिनिस्टर साहब के लिये जो सूट रिजर्व रखे जाएं हमें इस पर कोई एतराज नहीं है परन्तु वहां पर अगर पांच–छः कमरे अधिकारयिों के लिये जैसे ओ.एस.डी. टू सी.एम. के लिए पहले ही रिजर्व रखें जाएं, चाहें वह हरियाणा भवन दिल्ली जाए या न जाए, उसके लिए रिजर्व ही रहेंगे, और एक एम.एल.ए.

को वे कमरे नहीं मिलेंगे, ऐसी व्यवस्था हरियाणा भवन में की गयी है, यह उचित नहीं है क्योंकि यह एम.एल.एज. के साथ बड़ा भारी अन्याय है।

डिप्टी स्पीकर साहब, समाज के अन्दर सामाजिक मान्यताएं होती है। जहां पर अनाचार होंगे, ओर अत्याचार बढ़ेंगे तो इन सब बातों का प्रकृति ही बदला लेगी। यह स्वाभाविक ही है डिप्टी स्पीकर सहाब, कि आज की सरकार के राज्य में अत्याचार बढ़े हैं अनाचार हुए है और मंत्रियों के स्कैण्डल हुए हैं तो इस राज्य में ओले नहीं पड़ेंगे तो क्या फूल बरसेंगे ? अन्त में, मैं इतना ही कहता हुआ और सप्लीमैंटरी डिमांडज का विरोध करता हुआ अपना स्थान लेता हूं। धन्यवाद।

डा. बृज मोहन गुप्ता (जगाधरी): डिप्टी स्पीकर सहाब, यह जो सप्लीमैंटरी ग्रान्टस की एक किताब हमारे सामने रखी गयी है, यह बहुत ही घटिया है। 117.4 करोड़ रूपये की मांगे यहां पर हमारे सामने प्रस्तुत की गयी है ताकि यह हाउस इनको सर्वसम्मिति से पास कर दें, इसलिये मैं इनका विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

डिप्टी स्पीकर साहब, सब से पहले, मैं डिमान्ड नम्बर 2 के बारे में कहना चाहता हूं जिसमें 36 लाख 91 हजार 56 रूपये की मांग की गयी है जोकि मिनिस्टरों की कारों के लिए, बंगलों के लिए और मंत्रियों की अपनी तरफ से डिसक्रि ानरी ग्रान्ट्स

देने के लिए है। डिप्टी स्पीकर साहब, क्या जरूरत थी इन सब पैसों की, इसलिये कि इलैक ान नजदीक आ रहे हैं। मिनिस्टर्ज की डिसक्रि ानरी ग्रान्ट की रा ि ा है 12 लाख 68 हजार रूपये। हर गांव में जाकर देख लो चाहे हरिजन चौपाल पहले ही पूरी हो, फिर भी ग्रान्ट इन्होंने मंजूर जरूर करनी है, दूसरी तरफ जिस चीज की गरीब लोगों को गांवों में जरूरत होती है, उनकी तरफ इस सरकार का कोई ध्यान नहीं है लेकिन जो पंच और सरपंच होते हैं, वे जिस तरह से कहते हैं, उनके अनुसार मिनिस्टर लोग ग्रान्ट्स मन्जूर कर आते हैं और लोगों से मिठाई ओर चाय वगैरह पीकर के यह सारे काम हो जाते है। अतः मेरी आपके द्वारा सरकार से रिकवेस्ट है कि इस तरफ ध्यान दिया जाए और वहां पर इस तरह की डिसक्रि ानरी ग्रान्ट्स लोगों को दी जाएं जिनकी लोगों को आव यकता हो। यह नहीं हौना चाहिए कि गांव के पंच और सरपंचों के कहने पर ही ग्रान्ट्स दे दी जाएं।

इससे आगे डिप्टी स्पीकर साहब, मैं डिमांड नम्बर 3 पर अपने विचार रखना चाहता हूं जिसमें पुलिस विभाग के लिए नई भर्ती और नई वर्दियों से संबंधित कुछ मांग रखी गयी है। इस समय होम मिनिस्टर साहब यहां पर बैठे नहीं हैं, मैंने बार बार उनसे कहा भी है और लिख कर भी दियसा है कि जगाधरी जो कि एक छोटा सा कस्बा है, दे ा के नक ो पर अब एक इंडरट्रीयल सिटी बन गया है। हरियाणा के नक ो पर इस नगर की बड़ी छाप है। इसलिए वहां के थाने को अप ग्रेड किया जाए

लेकिन इस पर होम मिनिस्टर साहब ने कोई ध्यान नहीं दिया। डिप्टी स्पीकर साहब, बदकिस्मती से, अम्बाला जगाधरी और यमुनानगर से हम सारे के सारे एम.एल.एज.च अपोजी ान से हैं, इस सरकार ने हमारी इस रिक्वैस्ट पर कोई ध्यान नहीं दिया है। इसलिए आपके द्वारा मैं होम मिनिस्टर साहब से यह रिक्वैस्ट करूंगा कि कम से कम जो मैंने लिख कर दिया है, उस पर तो ध्यान दिया जाए।

डिप्टी स्पीकर साहब, अभी अभी हरियाणा भवन की कमरों की रिजर्वे ान के बारे में बातचीत चल रही थी। इस पर श्री जयनारायण वर्मा जी ने काफी तफसील में कहा है, और वे सब बातें ठीक भी है। जब एक एम.एल.ए. रात के वक्त हरियाणा भवन में अगर 9–10 बजे जाता है तो पता लगता है कि यहां पर कोई कमरा खाली नहीं है। वहां पर यह कहा जाता है कि पहले चण्डीगढ से रिजर्वे ान करवाओ। डिप्टी स्पीकर साहब, आप ही बातएं कि दिल्ली जैसी जगह पर रात को कई बार कंवैन्स भी अवेलेबल नहीं होती है। एम.एल.ए. को अगर हरियाणा भवन में कमरा न मिलेगा तो रात के वक्त वह कहां जाएगा ? यह कितनी अजीब सी बात है। अगर वहां पर सख्ती से बोला जाए तो फौरन कमरा मिल जाता है। कमरों के आगे फर्जी चिटें लगी होती है कि यह कमरा फलां के नाम है और यह कमरा फलां मैम्बर के नाम पर रिजर्वड है लेकिन असल में रिजर्वे ान होती ही नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब, एम.एल.एज. के लिए दस कमरे पहले से ही रिजर्व

होने चाहिए। अगर यह सम्भव ना हो तो कम से कम 5 कमरे तो अव य ही एम.एल.एज. के लिए रिजर्व होने चाहिए, इस तरह की हिदायतें सरकार की तरफ से हरियाणा भवन में जाएं, उनको किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।

इससे अगली बात मैं यह कहना चाहता हूं कि एम.एल. एज. होस्टल में सै ान के दिनों में ही आने का मौका मिलता है। खाना पीना तो डिप्टी स्पीकर साहब, जैसा है सो है लेकिन कम से कम दूध तो अच्छा मिलना चाहिए। हरियाणा तो दूध दही के लिए बड़ा ही म ाहूर है लेकिन यहां पर बढ़िया दूध नहीं मिलता है, इस बात की व्यवस्था की जानी चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं डिमांड नम्बर 5 के बारे में कहना चाहूंगा जोकि राठी साहब से संबंधित है। It is regarding replacement of condemned vehicles & creation of Sales Tax Barriers etc. डिप्टी स्पीकर साहक, मैं राठी साहब से कहूंगा कि इस विभाग ने जगाधरी में तो गदर मचा रखा है क्योंकि जगाधरी में बहुत सारी इंडस्ट्रीज हैं। जगाधरी एक इंडस्ट्रीयल टाऊन होने के नाते वहां पर ब्रास की फैक्टिरियां हैं काटेज इंडस्ट्रीज भी है और इस तरह से गरीब आदमी अपनी अपनी म ाीनरीज लगाकर के वहां पर काम करता है और अलग अलग चीज बनाने की जगह भी अलग अलग होती है। सारा प्रौसैस किसी भी एक फैक्टरी में नहीं होता है। कोई आदमी तो चक्का बनाता है, कोई प्रैस करता है, कोई कुछ करता है, इस तरह से हरेक का काम अलग अलग

है, कोई पालि ा करता है और इसी तरह से वे सारे गरीब आदमी अपना गुजारा करते हैं और वहां पर एक कारखाने से दूसरे कारखाने में माल लाते हैं और ले जाते है। यानी उसकी फाइनल भोप आखिर में जाकर बनती है लेकिन सेल्ज टैक्स वाले रास्ते में अन फिनि ाड गुडज को पकड़ लेते है। इन्होंने अपने दफ्तर में एक कत्लगाह बना रखी है। वहां पर माल भी आधा गायब हो जाता है और जो जुर्माना होता है वह भी फिफ्टी–फिफ्टी हो जाता है। क्या आपने ऐसी हिदायत आज तक जारी की है कि ऐसे अन–फिनि ाड गुडज को रास्ते में न रोका जाए। इनके महकमें वाले सवेरे से भााम तक गाड़ियां लेकर घूमते रहते है और लोगों को परे ाान करते है।

आगे फूड एंड सप्लाई विभाग की मांग है। सरदार जी ने कहा था कि हमने हरियाणा मैं से कभी भी गेहूं बाहर ले जाने के लिये रोका नहीं है लेकिन अब ये उसी काम के लिये हमसे धनरा ाी की मांग कर रहे है। ये कहते है कि हम हमने 22 बैरियर्ज बनाने है और वहां पर सारा सामान भी रखना है। ये कहते है कि हमने प्रोक्योरमैंट के लिए गेहूं और चावल को बाहर जाने से रोकना है जबकि कल ये हाउस में कह रहे थे कि हम बिल्कुल भी नहीं रोकते। (विघ्न) आप मुझे यह बताएं कि कौन सा बैरियर ऐसा है जहां पर रि वत न ली जाती हो।

इसके बाद अर्बन डिवैल्पमैंट की बात आती है। अर्बन डिवैल्पमैंट में इन्होंने छोटे भाहरों को, बड़े भाहरों को और

मीडियम साइज के भाहरों को ठीक करने के लिए एक तो इन्होंने 45 लाख रूपये की मांग की है और दूसरी मांग 1 करोडत्र 64 लाख 80 हजार रूपये की मैचिंग ग्रांट के लिये की है। मंत्री जी अगर यहां बैठे हों तो मैं उनको सुनाना चाहता हूं कि जिस म्यूनिसिपल कमेटी में अपोजी ान के मैम्बर है उन्होंने क्या कसूर किया है। उनकी बात को न कोई सुनता है और न ही उनकीबात की तरफ सरकार ध्यान देती हैं। हमने जगाधरी म्यूनिसिपल कमेटी के बारे में बार बार कहा कि वहां की सड़कें टूटी हुई है और आधी जगाधरी में न पानी का इंतजाम है और न सीवरेज का इंतजाम है। आधी जगह जो पानी और सीवरेज का इंतजाम है वह भी पूरी तरह से काम नहीं कर रहा है। मैंने मंत्री जी को वहां की हालत दिखाई थी लेकिन चूंकि हम अपोजी ान के मैम्बर है इसलिये हमारी ओर ध्यान नहीं दिया जाता। मेरी गुजारि ा है कि वे इस मामले में कोई भेद भाव न रखें और हमारी तरफ भी ध्यान दें। आपकी भी पार्टी के वहां मैम्बर रहते होंगे और हो सकता है कल को उनको इलैक ान लड़ना पड़े इसलिये कम से कम इस की तरफ ध्यान रखें और जगाधरी म्यूनिसिपल कमेटी को भी इस ग्रांट में से कुछ जरूर भेजा जाए।

इसके बाद में मैडिकल के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। वैसे तो इसमें मैडिकल और पब्लिक हैल्थ दोनों को इक्ट्ठा कर दिया है लेकिन कुछ जरूरी बातें है जो मैं आपके नोटिस में लाना चाहता है। सैंट्रल गवर्नमैट ने एक स्कीम बनाई थी

प्रिवें ान आफ बलाईडनैस एंउ गार्नीवल इम्पेयरमैंट। यह स्कीम 1979 में लागू की गई थी। हरियाणा के अंदर हर साल दस प्रति ात बलाईडनैंस बढ़ती जा रही है। इसको चैक करने के लिये सैंट्रल गवर्नमैंट की तरफ से हिदायत आई थी कि प्राइमरी हैल्थ सैंटर में और जिला हैडक्वार्टर के ऊपर ऐसे सैंटर खोले जाएं जिनके अन्दर एक आपटोमिटिस्टिक हो जो यक चैक करेंगे कि आंखों में क्या खराबी है। वे दवाई तो नहीं दे सकते लेकिन गाइड कर सकते हैं। हरियाणा के अन्दर इनकी 70 पोस्टें थीं जिनमें से इन्होंने केवल 8 भरी हैं और 62 अभी भरनी है। दूसरे इन्होंने पाि ायली हैंडीकैपड के लिए अम्बाला में एक सैंटर खोला था। इसके लिए सब से जरूरी बात यह थी कि इस सैंटर में आर्थोपैतिडक सर्जन होना चाहिए था। इन्होंने उसकी बजाए आई सर्जन लगा दिया। यह ठीक है कि आई सर्जन आंखों की, इ एंड टी वगैरह की बीमारी के लिए मदद कर सकता है लेकिन सबसे जरूरी उस सैंटर में आर्थोपैडिक सर्जन का होना था। उसके न होने की वजह से वह सैंटर बेकार पड़ा है।

श्री भले राम (बड़ौदा, अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहब, गवर्नर एड्रैस पर बोलते समय पूरा साहब ने एक बात कही थी कि:—

जो हाउस में बोले उसको अपना ख्याल कहते है।

जो सब का ख्याल करे उसे भजन लाल कहते है।

मैं इसको इस तरह से कहना चाहता हमं किः—

जो हाउस में बोले वह उसका ख्याल होता है

जो दल बदल करे उसे भजन लाल कहते है

जो किसान का नेतृत्व करे उसकी देवी लाल कहते हैं।

इस सरकार ने होम डिपार्टमैंट के लिए चार करोड़ रूपये से ज्यादा की मांग की है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह पूछना चाहता हूं कि पुलिस किस काम के लिए होती है ? किसी भी स्टेट में वहां के लोगों की जान माल की रक्षा करने के लिए पुलिस बनाई जाती है। लेकिन जहां बाड़ ही खेत को खाने लग जाए तो वहां के राज का क्या होगा ? हरियाणा पुलिस लोगों की मदद नहीं करती है। जितनी भी हमारे यहां चोरियां और डाके पडते है उनमें से आधे तो पुलिस मिल कर करवाती है और चोरी के माल कौ बरामद नहीं करती। मैं यह कहना चाहता हूं कि चाहत कितना भी गम्भीर मामला क्यों न हो पुलिस उसे दर्ज नहीं करती। गोहाना में हिम्मतपुर माजरी गांव है, वहां पर एक राज रानी नाम की औरत अपनी दर्खास्त लेकर थाने में गई लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। वह अपने प्लाट में ईंट डाल रही थी तो वहां पर एक अहमदपुर माजरी का एक सरपंच है उसने उसे जेली मार दी। वह अपने हसबैंड के साथ थाने में गई लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अगर पुलिस सही मायनों में लोगों की रक्षा करना चाहता है तो उसे ऐसे केसिज में लोगों की मदद करनी

चाहिए। मेरे पास एक टेलीग्राम आई है इसमें लिखा है – "the Inspector General has stopped from 1st March promotion to head constables of Harijans and recruitment of Harijans ....." सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला है कि प्रोमो ान में भी रिजर्वे ान होगी लेकिन आई.जी. हरियाणा ने, जिनते हरिजन लोग हैंड कांस्टेबल बनने थे, वे सारे के सारे एक मार्च से प्रोमोट हाने से रोक दिये हैं। उपाध्यक्ष महोदय, डिमांड नम्बर 3 में 1994625 रूपये की मांग की गई है। यह पैसा इस सरकार ने आने वाले इलैक ान की मतदाताओं की सूचियों में गल्तियों को सुधारने के लिए मांगा है। डिप्टी स्पीकर साहब, आपको भी पता होगा कि इस सरकार ने किस ढंग से खास करके आदमपुर, फतेहाबाद, भट्टू कलां, कालका और कुरूक्षेत्र के हल्कों में बोगस वोट तेयसार करवाए थे। उसके बारे में अखबारों मे भी खबर आई थी। इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूं कि क्या यह सरकार जात पात नहीं फैलाती है ? डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा प्रान्त के अन्दर इलैक ान बूथ बनाए जा रहे हैं। हर डिस्ट्रिक्ट में डी.सी. को यह हिदायत दी गई है कि जाहं पर हरिजनों को वोट नहीं डालने दिए जाते उन गांवों में हरिजनों के लिए अलग बूथ बना कर दिए जाएं। रोहतक और सोनीपत जिलों के डी.सीज. पर इस सरकार का यह दबाव है कि इन जिलों के हल्कों में हरिजनों को अपने वोट डालने के लिए अलग बूथ बनाए जाएं। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इस सरकार से यह जानना चाहता हूं कि क्या इस तरह से बूथ बनाने से जातपात का जहर नहीं फैलता लेकिन इस

सरकार को यह बहम है कि यदि हरिजनों के लिए अलग से बूथ बना दिए जाएं तो आने वाले इलैक ान में सारे हरिजन कांग्रेस को वोट देंगे। उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके जरिए इस सरकार को यह कहना चाहता हूं कि इस तरह से बूथ बनाने से हरिजन लोग आपको कभी भी अपनी राय नहीं देगें। इसलिए मेरी इस सरकार से पुरजोर मांग है कि हरिजनों को अपने वोट डालने के लिए अलग बूथ न बना कर दिए जाएं। इस तरह से अलग बूथ बनाने से जातपात का जहर खत्म नहीं होगा। इसके अलावा मैं इस सरकार से एक और बात कहना चाहता हूं कि जहां जाटों के गांव है वहां पर इस सरकार ने अलग बूथ बनाए हैं और जहां ब्राहाणों के गांव हैं वहां पर नहीं बनाए। इसलिए यह सरकार हरिजनों के साथ भेदभाव करती है।

इसके अलावा उपाध्यक्ष महोदय मैं डिमांड नम्बर 13 के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। डिमांड नमब्र 13 सो ाल वैलफेयर डिपार्टमैंट के बारे में है। यह सरकार कहती है कि स्पै ाल कम्पोनेंट स्कीम चलाई हैं चाहे कोई भी काम हो हर काम में यह सरकार कहती है कि हमने कम्पोनेंट स्कीम चलाई है, चाहे गधी मरी पड़ी हो फिर भी यह सरकार कहती है कि हमने 20 सूत्रीय प्रोग्राम चलाया है। डिप्टी स्पीकर साहब, कम्पोनेंट स्कीम का मतलब होता है कि सरकार जितना पैसा हर महकमें के लिए अलाट करती है उसका 12 परसैंट पैसा हरिजनों की भलाई के लिए खर्च होना चाहिए। यह सरकार कहती है कि हमने 30 करोड़

41 लाख रूपया हरिजनों की भलाई के लिए खर्च किया है लेकिन मैं यह कहता हूं कि किसी भी महकमें में 12 परसैंट पैसा हरिजनों की भलाई के लिए खर्च नहीं होता है। डिप्टी स्पीकर साहब, एक ि ाड्यूल्ड कास्टस सैल बनाया हुआ है जिसके चेयरमैन चीफ मिनिस्टर खुद होते है। उस सैल का एक डेढ़ साल पहले सर्कुलर इ ा हुआ था कि इस सैल की हर तीन महीने बाद एक मीटिंग होगी, उसमें अपोजी ान पार्टी के सदस्य भी होते हैं, मैं और श्री जय नारायण वर्मा उस सैल के मैम्बर हैं, आज तक उसकी एक भी मीटिंग नहीं हुई हैं चीफ मिनिस्टर साहब ने उसकी एक भी मीटिंग नहीं बुलाई। वह सैल इसलिए बनाया गया है ताकि हरिजनों की जो समस्याएं होती हैं उन पर विचार किया जा कसे और उन समस्याओं का कोई न कोई हल निकाला जा सकें। डिप्टी स्पीकर साहब इसके साथ ही मैं यह कहना चाहता हूं कि सैंट्रल गवर्नमैंट ने अपनी कैबिनेट मीटिंग में भी यह फैसला किया है और उसकी यह पालिसी है कि जितनी भी कस्टोडियन की जमीन है उसकी हरिजनों में बोली की जाए। डिप्टी स्पीकर साहब, 3800 से ज्यादा लोगों ने कस्टोडियन की जमीन पर कब्जा कर रखा है इसलिए मैं इस सरकार से कहना चाहता हूं कि वह सरी जमीन बेदखल करके हरिजनों में उसकी बोली की जाए। सैंट्रल गवर्नमैंट का यह भी फैसला है कि जिस जमीन पर जिसका पांच साल से कब्जा है उसको उस जमीन का मालिक बना दिया जाएगा। डिप्टी स्पीकर साहब, यह सरकार उन लोगों को उस जमीन का मालिक बनाने जा रही है जो चीफ मिनिस्टर साहब के नजदीक है और गांवों में

हरिजनों को सरज़प्लस जमीन दे कर किसानों के साथ लड़ाते हैं। जितनी भी जमीनों पर नाजायज कब्जे होते हैं वह सारे यह सरकार करवाती है। इसलिए डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके जरिए इस सरकार से कहना चाहता हूं कि जितनी भी सरकारी जमीन है वह सारी कस्टोडियन की जमीन है इसलिए उसकी हरिजनों में बोली होनी चाहिए। इसके अलावा यह सरकार कहती है कि हम हर काम 20 सूत्री प्रोग्राम के तहत करते है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इसको 20 सूत्री प्रोग्राम न कह कर, 20 गृह कहूंगा। एक गृह ने अपना असर दिखाया ओले पड़े, दूसरे ने असर दिखाया तो भीत लहर चली, तीसरे ने दिखया तो आंधी चली और बर्फ पड़ी। सभी गृहों ने अपना अपना काम किया लेकिन अभी एक गृह बाकी है और उसका असर होगा। इन भाब्दों के साथ मैं यह कहता हूं कि इस सरकार ने जितना पैसा मांगा है वह गलत मांगा है वह हाउस मंजूर न करे।

वाक आउट

स्वामी आदित्यवे ा (हथीन): आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री महोदय चौधरी खुर ाीद अहमद जी ने जो अनुपूरक मांगे हमारे सामने रखी है मैंने उनको बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ा है और पढ़ने के बाद मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि जिन

विकास के कार्यों के लिए जो पैसा मांगा गया है ..... (ाोर एवं विघ्न)

श्री वीरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, हम स्वामी आदित्यवे ा का भाशण नहीं सुनना चाहते (ाोर एवं विघ्न) इसलिए हम सदन से वाक आउट करते हैं। (ाोर एवं विघ्न)

(इस समय विपक्ष के सभी माननीय सदस्य सदन से वाक आउट कर गए)

वर्श 1981–82 के सप्लीमैंटरी ऐस्टीमेट्स (दूसरी कि त) पर चर्चा तथा मतदान (पुनरारम्भ)

